हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 31 जुलाई 2025

04 जिले में चिन्हित सभी जर्जर स्कूल-भवनों को दो दिनों...



07 निर्माणाधीन परियोजनाओं और विकास कार्यों को ...





## खबर संक्षेप में

### मां बगलामुखी मंदिर पर व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**नलखेड़ा।** मां बगलामुखी मंदिर पर व्याप्त अव्यवस्थाओं के निराकरण की मांग को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौप निराकरण की मांग की गई है। बुधवार को कांग्रेस द्वारा सौपे गए ज्ञापन में बताया गया कि मां बगलामुखी मंदिर पर लगातार दर्शनार्थियों की संख्या में वृद्धि हो रही है। मंदिर पर दर्शनार्थियों के लिए सुलभ शौचालय पीने के पानी व पार्किंग की व्यवस्था नही है। जनरेटर नही होने से विद्युत व्यवस्था में भी परेशानी आ रही है। वीआईपी को तो आसानी से दर्शन व अन्य सुविधा हो जाती है लेकिन आम भक्तों को परेशानी आ रही है। ज्ञापन में बताया कि आने वाले नवरात्रि पर्व पर दर्शनार्थियों की संख्या और अधिक बढ़ जाने से पार्किंग की समस्या होगी इसलिए मंदिर के पास नदी किनारे लगभग 100 बीघा शासकीय भूमि है उस पर पार्किंग व्यवस्था की जावे अन्यथा नगर में जाम की जाम की स्थिति निर्मित होगी जिससे दर्शनार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। ज्ञापन में मां बगलामुखी मंदिर पर व्याप्त समस्याओं का तुरंत निराकरण की मांग की गई। ज्ञापन सौपे जाने के दोरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमल यादव जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश पाटीदार पार्षद देवेंद्र गुप्ता सेवादल अध्यक्ष अनिल पाटीदार उपस्थित थे।

### नवीन न्यूनतम वेतन दर से वेतन भुगतान की मांग

**नलखेड़ा।** तहसील की नगर परिषद बड़ागाँव के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों द्वारा सीएमओ को ज्ञापन सौपकर नवीन न्यूनतम वेतन दर लागू कर वेतन भुगतान की मांग की गई है अन्यथा काम बंद कर हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी गई है। बड़ागांव नगर परिषद के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सौपे गए ज्ञापन में बताया कि पूर्व में 15 जुलाई को भी एक मांग पत्र सौपकर नवीन न्यूनतम वेतन दर लागू कर वेतन व एरियर का भुगतान करने की मांग की गई थी। पुनः मांग पत्र सौपकर अप्रैल 2025 से नवीन दर से वेतन भुगतान की मांग की गई है। दैनिक वेतन कर्मचारियों रेखाबाई, सुनीता, निर्मला, आशाबाई आदि ने बताया कि लगातार दो बार लिखित में मांग पत्र सौपे जाने के बाद भी अप्रैल व मई माह का वेतन पुरानी दर से भुगतान किया गया है। जिससे सभी कर्मचारी नाराज है और असंतुष्ट है। कर्मचारियों का कहना है कि बड़ा हुआ वेतन ही डालें अन्यथा आगामी दिनों में काम बंद व हड़ताल करने पर मजबूर होंगे।

---

### लगातार हो रही बारिश के चलते कलेक्टर ने स्कूलों में दो दिन का अवकाश किया घोषित

# ऑरेंज अलर्ट : चरनाल-कुरावर और सीहोर-दोराहा मार्ग का कटा संपर्क, कुलांस खतरे के निशान से ऊपर

**मौसम विभाग ने आने वाले 24 घंटे में 8 इंच से अधिक बारिश होने की संभावना जताई है। लगातार हो रही बारिश से जनजीवन हो रहा प्रभावित**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले में मंगलवार की सुबह से ही आसमान में बादलों का डेरा है और झमाझम बारिश का सिलसिला थमा नहीं है। इस लगातार बारिश के कारण जिले की प्रमुख कुंलास नदी खतरे के निशान से एक फीट ऊपर बह रही थी। इधर, कुंलास नदी के पूर होने से सबसे नजदीकी गांव रामाखेड़ी तक पानी आ जाने से की खेतों में पानी भर गया है, वहीं गांव के लिए भी खतरा उत्पन्न हो गया है।

मौसम विभाग ने जिले में ऑरेंज अलर्ट घोषित किया है और बताया कि आगामी 24 घंटों के भीतर 4 से 8 इंच तक बारिश की संभावना है। लगातार बारिश के चलते छोटे-छोटे नदी-नाले भी उफान पर हैं और जनजीवन प्रभावित होने लगा है।

### स्कूलों और आंगनबाड़ी में दो दिन का अवकाश घोषित

तेज बारिश और संभावित आपदा की आशंका को देखते हुए कलेक्टर बालागुरु के. ने 29 और 30 जुलाई को जिले के सभी शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई स्कूलों, आंगनवाड़ी और प्ले स्कूलों में दो दिन की छुट्टी घोषित कर दी है। जो विद्यालय मंगलवार को खुल भी गए थे, उन्हें भी निर्देश दिया गया कि वे विद्यार्थियों को सुरक्षित घर भेजने की व्यवस्था करें।

### मौसम विभाग का पूर्वानुमान,48 घंटे तक जारी रह सकती है बारिश

आरएके कॉलेज के मौसम वैज्ञानिक एसएस तोमर ने बताया कि जिले में अगले 48 घंटों तक मौसम का यही मिजाज बना रहेगा। घने बादल छाए हुए हैं और कई जगह भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है। मंगलवार सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक दो इंच औसत बारिश रिकॉर्ड की गई है। अब तक जिले में इस मानसून में कुल 25 इंच (625.2 मिमी) बारिश दर्ज की जा चुकी है, जो पिछले साल की तुलना में अधिक है और मानसून की अच्छी शुरुआत मानी जा रही है। मानसून की शुरुआत से अब तक बुधनी में सबसे ज्यादा 856.0 मिमी, रेहटी में 814.8 मिमी, भैरूंदा में 582.0 मिमी, श्यामपुर में 574.1 मिमी, और इछावर में 528.3 मिमी बारिश हो चुकी है।

प्रशासन की चेतावनी, जलमग्न रास्तों और पुलों से न गुजरें कलेक्टर बालागुरु के. ने नागरिकों से अपील की है कि जिन पुल-पुलियों, रपटों या रास्तों पर पानी बह रहा है, वहां से कतई न गुजरें। बहुत आवश्यक हो तभी घर से निकलें और केवल सुरक्षित वैकल्पिक मार्गों का ही उपयोग करें। प्रशासन द्वारा ऐसे संवेदनशील स्थानों पर निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि आपदा प्रबंधन की टीमें अलर्ट पर हैं, और आमजन को किसी भी संकट की स्थिति में हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करने को कहा गया है।



**सीहोर।** कुंलास नदी उफान पर, खतरे के निशान से एक फीट ऊपर



**सीहोर।** करबला पुल पर पानी होने से दोनों तरफ बेरिगेटिंग की गई है।

**चरनाल-कुरावर मार्ग करीब 8 घंटे बंद रहा**



**सीहोर।** चरनाल ग्राम के रपटे के उपर पानी आने के कारण चरनाल-कुरावर मार्ग करीब 8 घंटे बंद रहा।

### कहां कितनी बारिश हुई क्षेत्रवार आंकड़े

जिले के वर्षामापी केंद्रों से मिले आंकड़ों के अनुसार मंगलवार सुबह 8 बजे तक पिछले 24 घंटों में बारिश इस प्रकार दर्ज की गई। बुधनी 42 मिमी, रेहटी 39 मिमी, श्यामपुर 33 मिमी, भैरूंदा 18 मिमी, इछावर 17 मिमी, सीहोर 14 मिमी, जावर 5 मिमी, आष्टाः 4 मिमी

### सतर्क रहें, सुरक्षित रहें

जिला प्रशासन और मौसम विभाग की संयुक्त चेतावनी को गंभीरता से लेते हुए नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे सतर्क रहें, अफवाहों से दूर रहें और किसी भी परिस्थिति में जोखिम न उठाएं। बारिश अभी थमी नहीं है, इसलिए अगले दो दिन और भी चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं।

---



## पनाला से निकाली गई कलश यात्रा का हुआ आगमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

पवित्र सावन मास के चलते तहसील के ग्राम पनाला से एक कलश यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण व महिलाओं ने भाग लिया। नलखेड़ा आगमन पर ग्रामीणों ने भगवान भोलेनाथ के मंदिर पर जलाभिषेक कर मां बगलामुखी मंदिर पहुंचकर दर्शन किए। सावन मास में जहां हर कोई भोले की भक्ति में रमा हुआ है, कोई कावड़ यात्रा निकाल कर तो कोई कलश यात्रा निकालकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर रहे हैं। बुधवार को तहसील के ग्राम पनाला से ग्रामवासियों द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा गुरुवार प्रातः 10 बजे पनाला से प्रारंभ हुई थी। जो 15 किलोमीटर का सफर तय कर शाम 4 बजे नलखेड़ा पहुंची। कलश यात्रा में डीजे बैंड पर बज रहे भोले के भजनों पर ग्रामीण जन नाचते झूमते हुए चल रहे थे। वहीं महिलाएं सिर पर जल कलश लेकर शामिल थी। चौक बाजार स्थित प्राचीन श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर ग्रामीणों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। यहां से कलश यात्रा प्रमुख मार्ग से होती हुई विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ मां बगलामुखी मंदिर पहुंची जहां पर माता रानी के दर्शन कर सभी ने आशीर्वाद प्राप्त किया।

## 'प्रभु के समक्ष हमें याचना नहीं प्रार्थना करना चाहिए'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

**जैन आराधना भवन में चल रहे धार्मिक प्रवचन**




प्रभु की आज्ञा ही हमारे लिए धर्म है। परमात्मा के मंदिर में जाकर हमें प्रभु के समक्ष याचना नहीं प्रार्थना करना चाहिए। श्रद्धा एवं समर्पण के साथ की गई प्रार्थना हमारे भव परंपरा को नष्ट कर देती है। श्रद्धा, समर्पण के साथ जो प्रभु नाम का स्मरण करता है, उनकी नैया इस संसार सागर से पार हो जाती है। स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज में चल रहे चातुर्मास के दौरान हनुमान मंडी स्थित जैन आराधना भवन में विराजित प.पू. प्रज्ञा भारती, महा मांगलिक प्रदात्री गुरुवर्या चंद्रप्रभाश्रीजी महाराज साहब की सुशिष्या साध्वीजी प.पू.रत्न निधि म.सा. , पुण्य निधि म.सा. ने सोमवार को अपने प्रवचन के दौरान उक्त विचार व्यक्त किये। साध्वीजी ने कहाकि परमात्मा के हाथ से जो छूट जाता है, उसका जीवन डूब जाता है। गुरुजनों, प्रभु के जीवन से जो ऊपर जाता है वहां पतन के गर्त में चला जाता है। लेकिन जो भक्ति व श्रद्धा, समर्पण के साथ उनके नाम का स्मरण करता है, उनकी नैया इस संसार सागर से पार हो जाती है। उन्होंने कहा कि हमारे भव परंपरा को नष्ट कर दे ऐसी प्रार्थना प्रभु के सामने करें। न कि संसार को बढ़ाने वाली, भव भ्रमण करवाने वाली याचना प्रभु के समक्ष नहीं करें। लेकिन प्रभु के समक्ष जो प्रार्थना कर रहे हैं उसमें भी हम माया ही कर रहे हैं। प्रार्थना तो करते हैं लेकिन उसमें भी हमारा स्वार्थ छिपा रहता है। परमात्मा की भक्ति करते-करते हमें भी एक दिन परमात्मा बनकर अपने कर्मों की निर्जरा करना है। भय को अभय में परिवर्तित करने वाले परमात्मा ही होते हैं। साध्वी जी ने कहा कि माता-पिता की आंखों में दो समय ही आंसू आते हैं, एक उस समय जब बेटी की विदाई होती है। दूसरा उस वक्त जब पुत्र माता-पिता को पीठ दिखा देता हैं तो माता-पिता की आंखों में से आंसू निकल आते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में कभी माया, छल, कपट नहीं करना चाहिए नहीं तो उसका परिणाम हमें भुगतना ही पड़ेंगे। साध्वीजी ने कहा कि पाप को छपा कर तथा पुण्य को छिपा कर करो। लेकिन हम इसका उल्टा चलते हैं पाप को छुपा कर करते हैं तथा पुण्य को छपा कर करते हैं। पाप को छिपाने के लिए दूसरों के पापों को उजागर करते हैं। पाप करेंगे तो छिपा कर लेकिन कभी न कभी पाप उजागर हुए बिना नहीं रहेगा। पाप को यदि उजागर कर दिया तो वहां धीरे-धीरे धूल भी जाएगा। वहीं पुण्य छिपाकर करेंगे तो हमारे पुण्य में वृद्धि होती जावेगी। साध्वी जी ने कहा कि जिन शासन की धरा, धरोहर श्रद्धा एवं विश्वास पर टिकी है। विश्वास संपादन किए बिना यहां संसार चलता नहीं है। विश्वास ही जीवन की सुहास है, विश्वास ही जीवन की आस है, विश्वास ही जीवन की प्यास है। संसार चलता है विश्वास पर, धर्म चलता है श्रद्धा पर और विज्ञान चलता है तर्क पर।

---

*विभिन्न धार्मिक आयोजन भी होंगे*

## दिगंबर जैन समाज मंदिर में निर्वाण लाडू चढ़ाएगा आज

**नलखेड़ा।** जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर 1008 श्री पार्श्वनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक दिवस आज है। इस अवसर पर दिगंबर जैन समाज द्वारा कल्याण मंदिर विधान का आयोजन किया जाएगा एवं परमात्मा के समक्ष 23 किलो का निर्वाण लाडू चढ़ाया जाएगा। स्थानीय दिगंबर जैन समाज में चल रहे चातुर्मास के दौरान परम पूज्य गणधर मुनि श्री 108 विवर्धन सागर जी मुनिराज आदि मुनि संघ के सानिध्य में मोक्ष सप्तमी भगवान श्री पार्श्वनाथ मोक्ष कल्याणक दिवस पर गुरुवार को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बुधवार को प्रातः प्रवचन के मध्य कल्याण मंदिर विधान के लिए सोधर्मइंद्र का चयन बोली के माध्यम से हुआ जिसमें सर्वाधिक बोली लगाकर यह सौभाग्य नवीन निधि पांडिया परिवार को प्राप्त हुआ। सोधर्म इंद्र को ही मोक्ष सप्तमी के दिन मंदिर जी से श्री जी को त्यागी भवन लाने का एवं प्रथम शांति धारा करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। मोक्ष सप्तमी पर सर्वप्रथम प्रातः 7 बजे मुलनायक भगवान का अभिषेक होगा। 7: 30 बजे शांति धारा होगी। 8:00 बजे विधान पूजन होगी।



**चातुर्मास में चल रहे धार्मिक प्रवचन, भक्तों की उमड़ रही भीड़**

## मनुष्य को रूप नहीं बल्कि अपने स्वरूप का चिंतन करना चाहिए

**जीवन में धर्म को धारण करने से ही संसार से मुक्त होकर हम भी भगवान बन सकते हैं**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मनुष्य को अपने रूप नहीं बल्कि अपने स्वरूप का चिंतन करना चाहिए। यहां जीव कर्मों का कर्ता भी है, भोक्ता भी और कर्मों से मुक्त भी होता है। हम निज परिणिति से संसार में भटकते रहते हैं। अपनी आत्मा को नहीं समझने से भव भ्रमण होता है। जीवन में धर्म को धारण करने से ही संसार से मुक्त होकर हम भी भगवान बन सकते हैं। स्थानीय दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु विराजित प.पू.गणाचार्य श्री 1008

विरागसागर जी महा मुनिराज के सुशिष्य मूल संघ के गणधर मुनि श्री 108 विवर्धन सागर जी महाराज व मुनि श्री विश्व नायक महाराज जी ने अपने प्रवचन के दौरान यह बात कही मुनि श्री ने कहा कि अगर सृष्टि को बनाना, व बिगाड़ना ईश्वर के हाथ में होता तो ईश्वर उसको मिटाता क्यों ? अगर हमारे हाथ में सुख-दुख देना होता तो हम सभी को सुखी कर देते। अगर विनाश ईश्वर करता तो उसमें ईश्वरपना कहां हैं। जिस सिद्ध दशा को ईश्वर ने प्राप्त किया उस पद को हम भी प्राप्त कर सकते हैं। लेकिन हम निज परिणिति से संसार में भटकते रहते हैं। मुनिश्री ने कहाकि आपके पास भी भगवान बनने की शक्ति है। जैसे मिट्टी में घट बनने की शक्ति होती है, लेकिन उसके लिए मिट्टी को कुम्हार की चोट भी सहन करना होगी। तब वह घट रूप धारण करेगा। अगर घट चीखने लग जाएगा तो वहां घट नहीं बनेगा। इसी प्रकार अगर शिष्य भी कष्ट सहन नहीं कर पायेगा तो वह संत नहीं बन सकता। शिष्य गुरु की छाया में रह कर उनकी आज्ञा का पालन करने से ही विख्यात शिष्य बन सकता है। गुरु की बात मानने से अनेक उपलब्धियां प्राप्त हो जाती है।

उन्होंने कहाकि अंतरंग और बहि रंग रूप से कर्मों से मुक्त आत्मा हो सकती है। जिस प्रकार दूध को गर्म करने के लिए दूध को बर्तन में रखना पड़ेगा लेकिन बर्तन में रखने मात्र से दूध गर्म नहीं होता उसके लिए अग्नि का भी संयोग करना होगा। अग्नि की तपन को सहन करके दूध रबड़ी का रूप धारण करता है। इसी प्रकार से हमें भी तपन सहन करके ईश्वर बन सकते हैं। उसी प्रकार मनुष्य को मोह, राग छोड़ना होगा तभी वह संत या परमात्मा बन पाएगा। मुनि श्री ने कहा कि वस्तु के विभाव को ही हम स्वभाव मानते रहे। अगर रसगुल्ले में सुख होता तो अधिक खाने पर बीमार क्यों हो जाते। हम पर द्रव्यों को देखते हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य (जीव) परिवार में ही अपनी पर्याय बुद्धि लगाता है। भेद विज्ञान नहीं होता तो शरीर - आत्मा को हम एक मानने लगते हैं। अपनी आत्मा को नहीं समझने से भव भ्रमण होता है। उन्होंने कहा आयु और गति चार प्रकार की होती है गति की दृष्टि से देव और मनुष्य गति श्रेष्ठ है। वही आयु की दृष्टि से मनुष्य, देव तिर्यंच आयु शुभ होती है। आयु में पर्याय बुद्धि लगाने लग जाते हैं जिससे संसार भ्रमण करता रहता है। सिद्ध पर्याय ही शुद्ध पर्याय है, लेकिन हम अशुद्ध पर्याय में ही लगे रहते हैं। मुनि श्री ने कहा कि अंतरंग तप तो बहिरंग तप से हम कर्मों से मुक्त हो जाएंगे। इसके लिए रत्नत्रय धारण करना पड़ेगा। सभी तीर्थंकरों को दीक्षा धारण करने पर ही भगवान पद प्राप्त हुआ। धर्म को धारण करने से ही संसार से मुक्त होकर हम भी भगवान बन सकते हैं। प्रवचन के पूर्व दीप प्रज्जवलन गुरु भक्त राजेंद्र बाकलीवाल औरंगाबाद द्वारा किया गया। मंगलाचरण की प्रस्तुति शोभना पाड़िया द्वारा दी गई।





## खबर संक्षेप

### रोटरी क्लब का पदभार ग्रहण समारोह आज




भौरासा। अंतरराष्ट्रीय मंडल 30-40 रोटरी क्लब ऑफ भौरासा वर्ष 25-26 का 23 वा पदभार ग्रहण समारोह गुरुवार को समय शाम 6.30 बजे इंदौर भोपाल रोड टोल टैक्स नाका पर स्थित श्री बालाजी रेस्टोरेंट पर आयोजित होगा, जिसमें नवनिर्वाचित अध्यक्ष रोटे. डॉ. रूपसिंह नागर, नवनिर्वाचित सचिव रोटे. किशोर वर्मा एवं पदाधिकारीगण अपने पदभार की शपथ इस ग्रहण समारोह मे लेंगे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटें. सुशील एवं रोटे.रूबी मल्होत्रा (रोटरी गवर्नर) शपथ अधिकारी, रोटे, सत्यनारायण लाठी,( पूर्व मंडलाध्यक्ष ) विशेष अतिथि रोटे, डॉ, जामीन हुसैन (पूर्व मंडलाध्यक्ष) विशेष अतिथि रोटे, दिनेश कारपेंटर (सहायक मंडलाध्यक्ष) रहेंगे। वही आपको बता दे की डॉ. रूप सिंह नागर तीसरी बार रोटरी क्लब अध्यक्ष के रूप में शपथ लेंगे। वहीं किशोर वर्मा तीसरी बार सचिव के रूप में शपथ लेंगे। क्लब के कन्हैयालाल खटवा, प्रदीप मंत्री, रघुवीर सिंह ठाकुर, राजेंद्र यादव व रोटरी क्लब के सदस्यों ने दी।

### कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी बैठक हुई आयोजित

# जिले में चिन्हित सभी जर्जर स्कूल-भवनों को दो दिनों में तोड़कर रिपोर्ट सौंपेः कलेक्टर

**टीएल प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए समय-सीमा में प्रकरणों का करें निराकरण करने कलेक्टर ने दिए निर्देश।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने एसडीएम और तहसीलदारों से जिले में चिन्हित जर्जर स्कूल/भवन तोड़ने संबंधी की गई कार्यवाहियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी चिन्हित जर्जर स्कूल/भवनों को दो दिन में तोड़े और उसकी रिपोर्ट सौंपे। नगर निगम को निर्देश दिए कि देवास में जर्जर स्कूल/भवनों को तोड़ने की कार्यवाही शीघ्र करें। सिंह ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि स्कूलों में किताबें वितरित हुई है या नहीं इसका निरीक्षण करें और जानकारी प्रेषित करें। उन्होंने सायकल वितरण कार्य की समीक्षा कर शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्दश दिए। सिंह ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि प्राइवेट स्कूलों में सिलेबस की जांच कर कार्यवाही करें।

सिंह ने टीएल प्रकरणों की समीक्षा कर अधिकारियों निर्देश दिए कि जो भी प्रकरण टीएल मार्क किये जाते हैं, उन्हें गंभीरता से लेते हुए समय सीमा में निराकृत करें। टीएल में मार्क प्रकरण ज्यादा समय तक लंबित नहीं रहना चाहिए। सिंह ने कहा जिले के दूरस्थ क्षेत्र से कोई आवेदक शिकायत लेकर आता है तो उनकी छोटी सी छोटी समस्या को मैं ज्यादा गंभीरता से लेता हूं। आपको जो शिकायतें मार्क की गई है, उनका निराकरण शीघ्र करें।

गोवंश प्रबंधन की समीक्षा कर एसडीएम और जनपद सीईओ से गोवंश प्रबंधन के संबंध में की गई कार्यवाहियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखें कि गोवंश सड़कों पर नहीं बैठे। सड़क सुरक्षा को लेकर देवास-भोपाल, देवास-इंदौर, देवास-उज्जैन रोड पर कोटवारों की ड्यूटी लगाए। गोवंशों को गोशाला में शिफ्ट करें। नगर निगम को निर्देश दिए कि गोवंश प्रबंधन का कार्य प्राथमिकता से करें। उन्होंने कहा कि नगर निगम, नगरीय निकाय, जनपद पंचायत द्वारा कितने गोवंशों को पकड़ा गया इसकी रिपोर्ट हर सप्ताह दें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा, अपर कलेक्टर बिहारी सिंह, संयुक्त कलेक्टर प्रिया चंद्रावत, एसडीएम सोनकच्छ प्रियंका मिमरोट, एसडीएम टोंकखुर्द संजीव सक्सेना, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे। समय-सीमा बैठक में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी वर्चुअल शामिल हुए।

## कलेक्टर की उपस्थिति में आईडीबीआई बैंक ने चिमनाबाई स्कूल में दिए कम्प्यूटर सेट

**छात्र सीखेंगे कोडिंग और डिजिटल कौशल**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से शिक्षा देने के लिए स्कूलों में ई लाइब्रेरी बनाई जा रही है। ई लाइब्रेरी में विद्यार्थी कम्प्यूटर के माध्यम से आधुनीक तकनीक से शिक्षा प्राप्त करेंगे।

ई लाइब्रेरी अभियान के तहत ई लर्निंग के लिये आईडीबीआई बैंक द्वारा सीएसआर मद से चिमनाबाई स्कूल देवास में कलेक्टर ऋतुराज सिंह की उपस्थिति में दो कम्प्यूटर सेट प्रदान किये। आईडीबीआई बैंक द्वारा बिंजाना प्राथमिक विद्यालय के लिए 15 फ़र्नीचर सेट भी दिये गये। कलेक्टर सिंह ने कहा कि चिमनाबाई स्कूल में आईडीबीआई बैंक द्वारा ई-लाईब्रेरी के लिए कम्प्यूटर उपलब्ध कराये गये है। इसके लिए आईडीबीआई बैंक को बहुत-बहुत धन्यवाद, आपका दृष्टिकोण शिक्षा के क्षेत्र में बहुत सराहनीय है, अन्य बैंक भी इससे प्रेरणा लेंगे और अभियान में सहभागी बनेंगे। ई-लाईब्रेरी अभियान के तहत कम्पनियां यूस्ड कम्प्यूटर भी दे सकते है, जिससे बच्चों को लाभ होगा।सिंह ने कहा कि आज के समय में कम्प्यूटर दक्षता होना आवश्यक है। कम्प्यूटर आज बेसिक आवश्यकता में शामिल हो गया है। कंप्यूटर ज्ञान छात्रों के लिए महत्वपूर्ण है। कंप्यूटर छात्रों को विभिन्न विषयों को सीखने और समझने में मदद करता है। कंप्यूटर इंटरनेट के माध्यम से विशाल जानकारी का भंडार प्रदान करता है, जिससे छात्र किसी भी विषय के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

कंप्यूटर का उपयोग करके, छात्र कोडिंग, और अन्य डिजिटल कौशल सीख सकते हैं, जो उनके भविष्य के करियर के लिए महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम में डीपीसी अजय मिश्रा, प्रभारी प्राचार्य राजू सातपूते आईडीबीआई बैंक के क्षेत्रीय उप महाप्रबंधक सचिन नागपाल तथा समन्वयक शिल्पा आठवले, शाखा प्रबंधक रोहित भदौरिया, श्याम व्यास सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मोहन वर्मा ने किया तथा आभार संजय जोशी ने माना।

## नाटक से स्कूल के बच्चों ने नशा मुक्ति का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



प्रदेश सरकार के निर्देशन में पुलिस विभाग द्वारा 15 जुलाई से 23 जुलाई तक नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा था, जिसके माध्यम से अलग-अलग कस्बों व संस्थाओं के माध्यम से आम जनता को जागरूकता का संदेश देते हुए विभिन्न आयोजन किए गए। पुलिस थाना कमलापुर अंतर्गत इस अभियान के दौरान थाना प्रभारी उपेंद्र नाहर एवं चौकी प्रभारी राकेश नरवरिया के नेतृत्व में ग्राम चौपाल एवं स्कूलों में कार्यक्रम, रैलियां निकाल कर नशे से होने वाली नुकसानों के बारे में बताते हुए जागरूक अभियान चलाया गया। बुधवार के दिन अभियान के समापन अवसर पर नगर के अरिहंत पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम आयोजित बच्चों द्वारा नाटक के माध्यम से नशे से होने वाले नुकसान के बारे में संदेश दिया गया। इस दौरान थाना प्रभारी उपेंद्र नाहर एवं चौकी प्रभारी राकेश नरवरिया ,संचालक मोहन जाट कि उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा नशे के प्रति एक नाटकीय कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस दौरान उपेंद्र नाहर द्वारा इस अभियान को क्यों चलाया जा रहा है एवं इस अभियान का क्या उद्देश्य है इन सभी बातों को लेकर उपस्थित आमजन एवं बच्चों को जानकारी दी गई।

### अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर खिवनी अभ्यारण वन मंडल द्वारा कार्यक्रम हुआ आयोजित



**देवास।** जवाहर नवोदय विद्यालय चंद्रकेशर डेम में अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर खिवनी अभ्यारण वन मंडल देवास द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा बाघ संरक्षण के संबंध में आयोजित प्रतियोगिता में प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को पुरस्कार स्वरूप खिवनी में पाए जाने वाले बाघों की छायाचित्र स्मृति चिन्ह के रूप में भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में खिवनी अभ्यारण की फिल्म को विद्यार्थियों ने बडे ही उत्साह एवं उल्लास के साथ देखकर अभ्यारण की जानकारी हासिल की। इस दौराननशा मुक्ति अभियान अंतर्गत नशे से बचाव के संबंध में कांटाफोड़ थाना प्रभारी सुरेखा निमोदा द्वारा जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन मनोज दुबे ने किया। कार्यक्रम में कांटाफोड़ थाना प्रभारी सुरेखा निमोदा, विद्यालय प्राचार्य प्रेमेंद्र कुमार, जवाहर नवोदय विद्यालय स्टॉफ, वन विभाग के परिक्षेत्र अधिकारी विधि जैन सहित वन एवं पुलिस विभाग का अमला उपस्थित था।

### किसान संघ का हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग

**चापडा।** भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत जिला देवास तहसील बागली का एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग ग्राम अमरपुरा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रांत संगठन मंत्री अतुल महेश्वरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम समिति संगठन की रीढ़ कि हड्डी है। प्रत्येक कार्यकर्ता अपने ग्रामो में समिति की नियमित बैठक आयोजित कर गांव में आ रही समस्याओ का मिल जुल कर समाधान करें। गांव के सभी कार्यकर्ता संगठित होकर अपने हक और अधिकार के लिए समाज के लिए हमेशा संघर्ष करते हैं। इतिहास में ज्ञात है कि जिन्होंने अपने के लिए कार्य किया उनका नाम दो या तीन पीढ़ी तक चलता है लेकिन जिसने संपूर्ण समाज के लिए कार्य किया उन्हें कई पीढ़ियों तक याद किया जाता है। कहीं उदाहरण है हमारे महापुरुषों के रूप में आज भी हैं। प्रांत सदस्य रामप्रसाद सूर्या ने ग्राम समिति के कार्यकर्ताओं को ग्राम समिति की नियमित बैठक के साथ-साथ गांव में प्रत्येक ग्राम समिति का एक बोर्ड लगाने आह्वन किया।

## सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष ने जामगोद में ब्लैक स्पॉट्स का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष एवं सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश अभय मनोहर सप्रे ने जिले में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स जामगोद का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने दुर्घटनाओं, मृतकों की संख्या, दुर्घटनाओं के कारण आदि की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिले में ब्लैक स्पॉट समाप्त करने के कार्य तेज गति से पूरे किये जाये। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ऋतुराज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत ने जामगोद ब्लैक स्पॉट्स पर किये गये सुधारों एवं घटनाओं में किस प्रकार से कमी लाई गई इस संबंध में जानकारी दी। इस दौरान बताया गया कि गत वर्ष जहां ब्लैक स्पॉट्स पर 05 घटनाएं हुई थी इस वर्ष सिर्फ एक घटना हुई है। स्थल को ब्लैक स्पॉट्स हटाने के लिए बनाई गई कार्य योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान बताया गया कि सडक दुर्घटनाओं को कम करने के लिये सोलर पावर डेलीनेटर, कैट आइज, ब्लिंकर, रोड मार्किंग, रोड स्टड्स लगाये जाने का कार्य भी किया जा रहा है। ब्लैक स्पॉट्स निरीक्षण के दौरान एपीआरडीसी, पीडब्ल्यूडी, ट्राफिक, आरटीओ विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## हाउल ग्रुप के बैनर्जी की पुलिस रिमांड चार दिन बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले के बरोठा थाना क्षेत्र में धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोपी सौरभ बनर्जी को मंगलवार को न्यायालय में पेश किया गया।

पुलिस ने आरोपी की रिमांड अवधि बढ़ाने की मांग की। न्यायालय ने 4 दिन के लिए आरोपी को पुलिस रिमांड पर सौंप दिया है।शुक्रवासा के जंगल में कॉटेज बनाकर लड़के-लड़कियां रह रहे थे। संदिग्ध गतिविधियों के आरोप में बरोठा पुलिस ने जांच के बाद सौरभ के खिलाफ केस दर्ज किया था। उसे पहले मंगलवार तक रिमांड पर लिया गया था। अब रिमांड अवधि बढ़ा दी गई है। पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुटी है। वह देश-विदेश में किसके संपर्क में था और पिछले कुछ दिनों में कहां-कहां यात्रा की है, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। उसके पासपोर्ट सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन पूछताछ की जा रही है। एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया ने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर आरोपी को उसके गृह गांव कोलकाता, पश्चिम बंगाल भी ले जाया जा सकता है। पुलिस ये पता लगाने की कोशिश कर रही है कि देश-विदेश में सौरभ के कहां-कहां संबंध हैं।

### कलेक्टर की उपस्थिति में टीएसीसी लिमिटेड द्वारा टीबी मरीजों को दिए फूड बॉस्केट

# संस्था का योगदान रोगों के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करेगाः सिंह




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले को टीबी मुक्त करने के लिए टीबी मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। टीबी मुक्त अभियान के तहत कलेक्टर ऋतुराज सिंह की उपस्थिति में जिला अस्पताल में टीबी के मरीजों को टीएसीसी लिमिटेड द्वारा सीएसआर मद से 100 निक्षय पोषण फूड बॉस्केट उपलब्ध कराए गए।

टीबी मुक्त के लिए टीएसीसी लिमिटेड द्वारा टीबी रोगियों के लिए प्रति माह 1000 निक्षय पोषण फूड बॉस्केट उपलब्ध कराये जा रहे हैं। जिला अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीएमएचओ डॉ सरोजनी जेम्स बैक, सिविल सर्जन डॉ आर.पी. परमार, जिला क्षय अधिकारी डॉ.अमरीन शेख सहित अन्य डॉक्टर, टीएसीसी. लिमिटेड के प्रतिनिधि रमेश खैतान सहित अन्य प्रतिनिधि, टीबी के मरीज व उनके परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

कलेक्टर सिंह ने कहा कि देवास को टीबी मुक्त जिला बनाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे है। आप सभी देवास जिले को टीबी मुक्त बनाने में सहयोग करें। कलेक्टर सिंह ने टीएसीसी. लिमिटेड के इस सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि सामाजिक संस्थाओं का यह योगदान टीबी जैसे रोगों के खिलाफ लड़ाई को और मजबूत करेगा। उन्होंने टीएसीसी कम्पनी को सामजिक उत्तरदायित्व के तहत पहल कर टीबी मरीजों को फूड बॉस्केट देने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि अन्य कम्पनी भी आपके सहयोग को सराहेगी और प्रेरणा लेकर अभियान में भाग लेगी। सिंह ने कहा कि टीबी मुक्त जिला बनाने के लिए सभी स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी गई एडवाइजरी का पालन करें। टीबी मरीजों को जिला प्रशासन द्वारा लगातार 06 माह तक फूड बॉस्केट दिया जायेगा। टीबी मरीजों को शीघ्र स्वस्थ्य होने के लिए अच्छ खाना मिले इसके लिए यह प्रयास किये जा रहे है।

जिले में लगभग 13 सौ चिन्हित टीबी के मरीजों को 06 माह तक लगातार फूड बॉस्केट दिये जायेंगे। यह पहल टीबी उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका उद्देश्य मरीजों को पोषणयुक्त आहार उपलब्ध कराकर उनके स्वास्थ्य में सुधार लाना है। अभियान के तहत निक्षय मित्र बनाकर टीबी के मरीजों को निक्षय पोषण फूड बॉस्केट दिये जा रहे है।

### सीइआर तहत कर रहे कार्य

कंपनी के एडवाइजर रमेश कुमार खेतान ने बताया कि जिले में हमारा प्लांट लग रहा हैं हमने कार्पोरेट इनवायरमेंट रिस्पॉन्सबिलिटी के तहत हेल्थ सेक्टर में हमने यह सहायता प्रदान की है। अगले छ महीने तक हजार फूड बास्केट हम टीबी मरीजों को वितरित करेंगे। कई ओर क्षेत्र हैं शिक्षा के क्षेत्र में हम काम कर रहे हैं रेनवाटर हार्वेस्टिंग कर रहे हैं।

### शव वाहनों को किया रवाना

कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने राज्य शासन से जिले को प्राप्त दो शव वाहनों को जिला अस्पताल में हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि यह सेवा 29 जुलाई 2025 से पूरे प्रदेश में लागू हो चुकी है, जिससे जरूरतमंद परिवारों को तत्काल लाभ मिलेगा। जिले में दो शव वाहन मिलने से शव को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने में हो रही समस्यों का निदान हुआ है। यह योजना सामाजिक समरसता और गरीब कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती

## कंडम शासकीय स्कूल भवनों को किया ध्वस्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

हमेशा देखा जाता है कि हादसों के बाद ही सरकार व प्रशासन जागता है। राजस्थान में हुए हादसे के बाद मध्य प्रदेश सरकार भी जागी और उसी के बाद प्रशासन भी हरकत में आया। क्षेत्र में ऐसे कई शासकीय स्कूल भवन थे जो कि लंबे समय से कंडम घोषित थे, लेकिन उन्हें प्रशासन तोड़ने की कार्रवाई नहीं कर पा रहा था, लेकिन राजस्थान के हादसे के बाद तत्काल सरकार के निर्देशन में कलेक्टर द्वारा आदेश जारी पर सभी पेंडिंग कंडम भवनों को ध्वस्त कर दिए गए।

कमलापुर संकुल के अंतर्गत आने वाले ग्राम पोलाय में शासकीय प्राथमिक विद्यालय स्कूल का भवन 1977 में बना था जो कि 2013 में तत्कालीन कलेक्टर ने कंडम घोषित कर दिया था। मंगलवार शाम को पंचायत सचिव गोपाल कृष्ण पंचोली, सहायक सचिव गोपाल यादव व्दारा कलेक्टर के निर्देशन में कंडम घोषित भवन को ध्वस्त कर दिया गया है।

प्रशासन की उदासीनता के चलते 10 वर्षों से भवन ध्वस्त नहीं हो पाया था। प्राचार्य आनंद नागर ने बताया है कि लंबे समय से कार्यवाही पेडिंग थी।उक्त भवन को ध्वस्त कर दिया गया है। साथ ही शासकीय प्राथमिक शाला डेरिया आभा भवन भी 2013 से कंडम घोषित था, जिसे भी ध्वस्त कर दिया गया है। संकुल अंतर्गत जो भी कंडम स्थिति के भवनों की जानकारी विभाग के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियों को दे दी गई है।

## खबर संक्षेप

### नवागढ़ में आज मनाया जाएगा पार्श्वनाथ निर्वाण महोत्सव

**ललितपुर।** प्रागैतिहासिक अतिशय क्षेत्र नवागढ़ में विराजित अतिशयकारी मनोकामना पूर्ण श्रीअरनाथ स्वामी के चरण सान्निध्य मंस श्रीपारसनाथ भगवान का निर्वाण महोत्सव संगीतमय विधान के साथ 31 जुलाई को जयकुमार निशांत के निर्देशन में संपन्न किया जाएगा। नवागढ़ के भौंयरा खनन कार्य में प्राप्त श्रीपारसनाथ भगवान शतफणी पारसनाथ भगवान एवं ताम्र पारसनाथ भगवान का अतिशय विलक्षण है। नवागढ़ तीर्थक्षेत्र कमेटी ने आह्वान किया है कि महामहोत्सव में अपने परिवार सहित उपस्थित होकर भगवान के मोक्ष कल्याणक की विधि संपन्न करें। अभिषेक, शांति धारा एवं विधान का सौभाग्य प्राप्त करें। क्षेत्र के अध्यक्ष एड.सनतकुमार जैन, वीरचंद्र जैन, इंद्रकुमार शास्त्री, डा.सुनील जैन मौजूद रहे।

### प्रयागराज एक्सप्रेस से यात्री का मोबाइल गया चोरी

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के जिला रायसेन के थाना मण्डीद्वीप के पोस्ट दाहोद अंतर्गत ग्राम पड़ोनिया निवासी विनोद कुमार साहू पुत्र रामनारायण साहू ने जीआरपी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 9 जुलाई 2025 को वह ट्रेन संख्या 14116 डा.अम्बेड़कर नगर एक्सप्रेस के जनरल कोच में प्रयागराज से संत हिरदाराम नगर की यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान उसने अपने मोबाइल फोन को चार्जिंग में लगाकर बैग में रख दिया। जब ट्रेन ललितपुर रेलवे स्टेशन पर आकर रूकी तो वह पानी लेने के लिए स्टेशन परिसर में चला गया और वापस आकर देखा तो उसका बैग में रखा मोबाइल फोन नहीं था, उसने मोबाइल की काफी खोजबीन की, लेकिन नहीं मिला। पीड़ित ने बताया कि मोबाइल के कवर में 1300 रुपये की नकदी थी और फोन की कीमत करीब 14 हजार रुपये थी। जीआरपी पुलिस ने यात्री की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### रेलवे जेई पर प्वाइंट मैन ने लगाया मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर।** अपने प्वाइंसीट पर ड्यूटी कर रहे कर्मचारी से रेलवे के अवर अभियंता द्वारा की गयी मारपीट के मामले में जीआरपी पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। प्वाइंट मैन ग्राम धौर्रा निवासी राजकुमार यादव पुत्र स्व.इमरतसिंह यादव ने जीआरपी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते समय वह धौर्रा रेलवे स्टेशन पर अपनी ड्यूटी प्वाइंट पर था और अपनी ड्यूटी कर रहा था। तभी रेलवे के जेई वर्तमान में जाखलौन निवासी राजेश मीना आये और उसके साथ बिना कारण ही गाली-गलौज करने लगे। जब उसने गालियां देने से जेई को मना किया तो जेई ने उसके साथ धक्का-मुक्की करते हुये जान से मारने की धमकी दी। काफी देर समझाने के बाद भी जब वह नहीं माने तो जेई ने उसे नौकरी से हटवाने की धमकी दी और गालियां देते हुये चले गये। जीआरपी पुलिस ने राजकुमार यादव की तहरीर पर जेई राजेश मीना के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 351 (3) व 115 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### महिला ने लगाया रास्ते में पर्स चोरी करने का आरोप मंगलसूत्र था

**ललितपुर।** राजघाट रोड स्थित मोहल्ला हरदीला निवासी मिनीता विश्वकर्मा पत्नी अन्तिम विश्वकर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 19 मई 2025 को वह शाम करीब 7.30 बजे पिसनारी बाग से अपने घर आ रही थी। तभी रास्ते में अज्ञात व्यक्ति ने उसका पर्स चोरी कर लिया। पर्स में उसका मंगलसूत्र था। पीड़िता की तहरीर पर पुलिसने अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## नवागंतुक जिलाधिकारी अमनदीप डुली ने संभाला पदभार, बताई प्राथमिकताएं

# निर्माणाधीन परियोजनाओं और विकास कार्यों को तेजी से पूर्ण कराएंगे: डीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2015 बैच के आईएएस अधिकारी अमनदीप डुली ने जनपद के जिलाधिकारी के रूप में मंगलवार 29 जुलाई की विधिवत कार्यभार ग्रहण किया।कोषागार ललितपुर में डबल लॉक का कार्यभाग ग्रहण करते हुए नवांगत जिलाधिकारी ने अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और अपने बारे में भी जानकारी दी।जिलाधिकारी ने बताया कि वह मूलतः अनन्थागिरी के रहने वाले हैं, वे 2015 बैच के अधिकारी हैं, जिन्हे पहली पोस्टिंग झांसी में असिस्टेंट कलेक्टर के रूप में मिली थी।

दूसरी पोस्टिंग बस्ती में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रुप में, बलरामपुर में मुख्य विकास अधिकारी, गौतमबुद्धनगर में अति0 कार्यकारी अधिकारी ग्रेटर नोयडा, लखनऊ में विशेष सचिव उ0प्र0 सरकारी एपीसी ब्रांच तथा वर्तमान में ललितपुर में जिलाधिकारी के रुप में पदभार ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने अपनी प्राथमिकताएं बताते हुए कहा कि जनपद में सभी निर्माणाधीन परियोजनाओं को तेजी से पूर्ण कराया जाएगा, पर्यटन स्थलों का विकास के साथ ही गौशालाओं की स्थिति सुदृण की जायेगी, अन्ना जानवरों के विचरण पर प्रतिबंध के ठोस उपाय किए जाएंगे। अवैध खनन पर अंकुश, स्वास्थ सेवाओं को और बेहतर किया जाएगा तथा प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सरकार की



जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर दिलाया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद के सभी अधिकारी अपने कार्यों का भलीभांति निर्वहन करें, किसी भी कार्य में अनावश्यक विलम्ब न करें। सभी कार्यों को समय सीमा के भीतर पूर्ण करें। यदि कोई व्यक्ति किसी योजना के लिए अपात्र है तो उसकी अपात्रता का कारण लिखित रुप से उस व्यक्ति को दें ताकि वह अनावश्यक यहां-वहां न भटके।

### ये लोग रहे उपस्थित

*इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अशोक कुमार यादव, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, डीएफओ गौतम सिंह, परियोजना निदेशक दीपक यादव, उप जिलाधिकारी अवधेश सिंह, उपजिलाधिकारी महरौनी मदनमोहन गुप्ता, उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र विक्रम सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी सिंह, जिला अर्थ संख्याधिकारी राजेश सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी समर सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अर्पित जैन, ओ एस डी अनिल दीक्षित, प्रशासनिक अधिकारी वीरेंद्र जैन, ईओ नगर पंचायत महरौनी साक्षी साहू, और मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।*

## जनसुनवाई कर सभी पटलों का निरीक्षण किया

कलेक्ट्रेट के विभागों और पटलों का निरीक्षण कर अधिकारियों को अपडेट रहने के दिये निर्देश ललितपुर। मीडिया से वार्ता कर जनपद के बारे में जाना और मिलजुल कर जिले का विकास करने की बात कह नवागंतुक जिलाधिकारी अमनदीप डुली ने प्रथम कार्यदिवस अपने कार्यालय कक्ष में जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने दूरदराज से आये नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और सम्बंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता की शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसके लिए सभी अधिकारी अपने कार्यालयों में निर्धारित समय में जनसुनवाई करें। उन्होंने फरियादियों को अपने पास बैठाकर उनकी समस्याओं को सुना और उनके शिकायती पत्रों को सम्बंधित अधिकारियों को प्रेषित करते हुए त्वरित व गुणवत्तापूर्ण



निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कोई भी फरियादी मायूस होकर न लौटे, यदि उसकी समस्या वास्तविक है तो निस्तारण होना ही चाहिए। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने एक-एक कर कलेक्ट्रेट भवन के सभी कक्षों में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्रत्येक कक्ष में साफ-सफाई, पत्रावलियों का रखरखाव और जनशिकायतों के निस्तारण की स्थिति को देखा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे प्रतिदिन कार्यालय में नियम समय में उपस्थित रहकर जनसुनवाई करें और विभाग में आने वाले फरियादियों को बैठाकर उन्हें सुने और यथासम्भव निस्तारण सुनिश्चित करायें। उन्होंने सभी पटल प्रभारियों को समय से कार्यालय में उपस्थित रहकर पत्रावलियों को उद्यतन रखने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कार्यालयीय अनुशासन, समयपालन एवं कार्य संस्कृति में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, उन्होंने कहा कि प्रशासन की भूमिका जनता और शासन के बीच सेतु के रुप में होती है, अतः हर अधिकारी को संवेदनशील, जबावदेह एवं पारदर्शी बनकर कार्य करना होगा।

## जिला बार एसोसिएशन की मांग

# नए अधिवक्ताओं का सदस्यता शुल्क कम किया जाना चाहिए

**सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का दिया हवाला**

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जिला न्यायालय परिसर में बुधवार को एक महत्वपूर्ण पहल देखने को मिली जब जिले के नव नामांकित युवा अधिवक्ताओं के समर्थन में अन्य अधिवक्ताओं ने जिला बार एसोसिएशन को एक प्रार्थना पत्र भेजकर सदस्यता शुल्क में राहत देने की मांग की। यह पत्र डाक के माध्यम से अध्यक्ष एवं महामंत्री को प्रेषित किया गया। युवा अधिवक्ताओं ने 2500 रुपये की निर्धारित सदस्यता फीस को अत्यधिक, असंगत एवं प्रारंभिक आर्थिक स्थिति के प्रतिकूल बताया है। उन्होंने तर्क दिया कि अधिवक्ता पेशे की शुरुआत में आर्थिक संसाधनों का अभाव रहता है और ऐसी भारी सदस्यता फीस उनके अधिकारों और भविष्य की संभावनाओं के विरुद्ध है।

### सहूलियत देने का निर्देश दिया है

*पत्र में दो सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है- गौरव कुमार बनाम भारत संघ, जिसमें शीर्ष अदालत ने युवा अधिवक्ताओं को हो रही कठिनाइयों और चुनौतियों को स्पष्ट रूप से स्वीकार करते हुए बार काउंसिल्स को उन्हें सहूलियत देने का निर्देश दिया। फैजाबाद बार एसोसिएशन बनाम उत्तर प्रदेश राज्य बार काउंसिल (2023) इस फैसले में कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि बिना सामान्य सभा की सहमति के कोई बार संगठन शुल्क नहीं बढ़ा सकता। ऐसे निर्णय लोकतांत्रिक प्रक्रिया के विरुद्ध हैं।*

### कोर्ट के निर्णयों का विशेष रूप से उल्लेख

पत्र में दो सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है- गौरव कुमार बनाम भारत संघ, जिसमें शीर्ष अदालत ने युवा अधिवक्ताओं को हो रही कठिनाइयों और चुनौतियों को स्पष्ट रूप से स्वीकार करते हुए बार काउंसिल्स को उन्हें सहूलियत देने का निर्देश दिया। फैजाबाद बार एसोसिएशन बनाम उत्तर प्रदेश राज्य बार काउंसिल (2023) फैसले में कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि बिना सामान्य सभा की सहमति के कोई बार संगठन शुल्क नहीं बढ़ा सकता।

### प्रमुख मांगें

*नए अधिवक्ताओं के लिए सदस्यता शुल्क में रियायत दी जाए, शुल्क निर्धारण में बार काउंसिल ऑफ इंडिया के माडल बायलॉज के अनुसार सामान्य सभा की सहमति ली जाए। पंजीकरण प्रक्रिया सप्ताह भर में पूरी की जाए। एल्डर्स कमेटी व बार काउंसिल के दिशा-निर्देशों के अनुसार निर्णय लेकर अधिसूचना जारी की जाए।इस मौके पर अधिवक्ताओं में प्रमुख रूप से हरदयाल सिंह लोधी, पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, शशिकांत राजपूत, नंदकिशोर कुशवाहा, भगवत प्रसाद पाठक, रोहित कुशवाहा, रविन्द्र घोष, अंकित जैन, बृजेन्द्र सिंह चौहान, कमलेश लोधी, प्रताप सिंह यादव, हरनाम सिंह कुशवाहा, प्रमोद श्रीवास्तव, असरफ खान, मुकेश लोधी, रामनरेश दुबे, राघवेंद्र शर्मा, जयराम सिंह, अवतार सिंह लोधी, राजेश पाठक, अनुराग लोधी, रामलखन यादव, हेमंत चौबे, सुरेंद्र लोधी, जितेन्द्र सिंह यादव आदि कई अधिवक्ताओं के हस्ताक्षर हैं।*

# दैलवारा पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान 50 क्वार्टर रसभरी के साथ दबोचा शराब तस्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

मोटर साइकिल से शराब की तस्करी कर गांव-गांव बेची जा रही है। ऐसे प्रकरण का खुलासा कोतवाली पुलिस ने फिर किया है। मंगलवार देर रात मुख्यालय के सरकारी ठेका से शराब खरीदकर गांव में बेचने जा रहे शातिर बदमाश को पुलिस ने रास्ते में ही धर दबोचा। युवक के पास से भारी मात्रा में देशी शराब के क्वाटर बरामद किये गये तो वहीं तस्करी में प्रयोग की जा रही मोटर साइकिल भी बरामद की गयी है।

हालांकि पुलिस ने प्रकरण में सात वर्ष से कम सजा होने के चलते दो लोगों की जमानत पर युवक को छोड़ दिया।दैलवारा चौकी प्रभारी उ.नि. नरेन्द्र सिंह अपने हमराह कां.मनीष कुमार साहू व कां. विकास चन्द्र के साथ निजी वाहन से सिलगन रेलवे ब्रिज के पास खड़े होकर वाहनों की चैकिंग कर रहे थे। तभी मुखबिर ने सूचना दी कि एक व्यक्ति बाइक पर प्लास्टिक की बोरी में देशी शराब लेकर आ रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी कर दी। इसी दौरान उन्हें प्लास्टिक की बोरी रखे मोटर साइकिल चालक आता दिखायी पड़ा। युवक ने पुलिस को देखकर बाइक से भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने पीछा करते हुये स्मारक गेट के नीचे बाइक सवार को दबोच लिया। पूछताछ करने पर पकड़े गये युवक ने अपना नाम मध्य प्रदेश के जिला सागर अंतर्गत थाना दलपतपुर के ग्राम बरखेड़ा निवासी अखिलेश लोधी पुत्र बादाम सिंह बताया। प्लेटिना बाइक संख्या यू.पी. 94 एस 9058 के आगे टंकी पर रखी बोरी की तलाशी लेने पर 50 क्वाटर देशी रसभरी ब्राण्ड की कुल मात्रा 10 लीटर अवैध तरीके परिचालन करते हुये बरामद की गयी। पकड़े गये अखिलेश लोधी ने बताया कि उसने यह शराब घुसयाना स्थित देशी शराब के ठेका जो कि गायत्री देवी के नाम पर है, के यहां से सेल्समेन रमेश शिवहरे से खरीदकर लाया है। बताया कि वह इस शराब को अपने गांव सिलगन ले जा रहा था, जहां वह शराब को बेचकर अपनी रोजी-रोटी कमाता है। अखिलेश लोधी से पुलिस ने देशी शराब बेचने और अधिक मात्रा में खरीदने का लाइसेंस मांगा तो वह लाइसेंस दिखाने में कासिर रहा। पुलिस ने प्रकरण में सात वर्ष से कम सजा होने के प्रावधान के चलते दो जमानती ग्राम सिलगन निवासी हरीराम पुत्र जगन व देवेन्द्र कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद आचार्य की जमानत लेकर मुचलका पर अखिलेश लोधी को रिहा कर दिया।

## विश्व मानव तस्करी निषेध दिवस मनाया

# रघुनाथपुरा में ग्रामीणों को शिविर में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के कुशल निर्देशन, एएसपी/ नोडल अधिकारी कालू सिंह व सीओ यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के संयुक्त मार्गदर्शन में थाना एंटी हयूमन ट्रैफिकिंग निरीक्षक हरिशंकर, म.हे.का.सीता देवी, म.का. कल्पना को ब्लॉक जखौरा के ग्राम पंचायत रघुनाथपुरा में विश्व मानव तस्करी निषेध दिवस मनाया गया। इस दौरान मजदूर को अपने बचाव के लिये सारी जानकारी दी गयी, जिससे महिलाओं को मजदूरी करने व 18 साल से कम उम्र के बच्चों से काम न कराने के बारे मे व बाल विवाह से सम्बन्धित के वारे मे समझाया गया। एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग एवं जन साहस टीम उपस्थित रही सबसे पहले मानव



तस्करी निषेध इकाई जन साहस से जिला समन्वयक राजेश ने मानव तस्करी निषेध दिवस को लेकर मजदूरों व महिलाओं को फूलमाला पहना कर मजदूर महिलाओं को सम्मानित किया। जिला समन्वयक ने मानव तस्करी निषेध दिवस के बारे से विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुये मजदूरों के अधिकार एवं एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग के बारे में बात की। मजदूर भाईयों एवं महिलाओं को लेबर डायरी देकर मजदूरों महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर 180012011211का उपयोग करने की बात कही। जन साहस से राजीव ने मजदूर महिलाओं व बच्चों के साथ होने वाली लैगिंक हिंसा की रोकथाम पर चर्चा की गई बताया कि महिलाओं बच्चों की तस्करी हो जाती हैं। उसके साथ में लेगिंग हिंसा होती जोखिम भरे जगह पर काम पर लगा दिया जाता है। ऐसी हिंसाओं से बचने के लिए जागरूकता की जरूरत है। फील्ड ऑफिसर महेश व धीरेन्द्र ने सुरक्षित पलायन प्रशिक्षण, बंधुआ मजदूरी, जबरन मजदूरी, बाल श्रम की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। टीम में शामिल जन साथी लक्ष्मी, रामवती, भावना, गायत्री, एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग से म.हे.का.सीता देवी व म.का.कल्पना बाजपेयी, मुस्कान, पंचायत सहायक अभिलाषा ने मीटिंग में भागीदारी की गई। मानव तस्करी निषेध दिवस का समापन किया गया जिसमें एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग ने सहभागिता की गई।

# संचारी रोग हमारी जीवनशैली पर गंभीर असर डालता: डा.दिवाकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

महर्षि चरक जयंती पर स्थानीय होटल में नीमा एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा.अरविंद दिवाकर मौजूद रहे। जबकि अध्यक्षता डा.एस.पी.पाठक ने व संचालन डा.दीपक चौबे ने किया। इस दौरान महर्षि चरक के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित किया गया। डा.पाठक ने कहा कि महर्षि चरक द्वारा बताए हुए चिकित्सा सूत्र जो कि चरक संहिता में संकलित हैं।

वह आज के युग में भी प्रासंगिक हैं, जिनका उपयोग कर स्वस्थ व्यक्ति अपने स्वास्थ्य की रक्षा कर सकता है। बीमार व्यक्ति अपनी व्याधियों से मुक्त होकर स्वस्थ हो सकता है। डा.अरविंद दिवाकर ने कहा संक्रामक बीमारियां न केवल हमारी सेहत



बल्कि जीवनशैली पर भी गंभीर असर डालती हैं। ये रोग एक व्यक्ति से दूसरे में आसानी से फैल सकते हैं और कई बार महामारी का रूप भी ले सकते हैं। संचारी रोग वे बीमारियाँ होती हैं जो वायरस, बैक्टीरिया, फंगस या परजीवियों के कारण होती हैं और एक व्यक्ति से दूसरे में सीधे या परोक्ष रूप से फैल सकती हैं। संचारी रोगों के मुख्य कारण वायरस जैसे डेंगू, चिकनगुनिया, कोरोना, बैक्टीरिया जैसे टीबी, डायरिया, फंगस जैसे दाद आदि।

### गाड़ी की पार्किंग को लेकर विवाद, मारपीट कर धमकाया

**ललितपुर।** नेहरूनगर स्थित मां कात्यानी माता मंदिर के पास रहने वाले बबलू यादव पुत्र देवसिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 28 जुलाई की रात करीब 9 बजे वह अपनी चार पहिया गाड़ी से घर जा रहा था। घर से कुछ दूर मोहल्ले में दुकान से वह सामान लेने के लिए साइड से गाड़ी खड़ी किये हुये था, तभी पीछे से टपयन निवासी इकरार खान आया और गालियां देते हुये गाड़ी लगाने की बात कहने लगा। आरोप है कि इकरार ने उसके साथ गालियां देते हुये गाड़ी में नुकसान पहुंचाने का प्रयास करने लगा। विरोध करने पर इकरार ने उसे बेल्ट से मारपीट कर दी। यह देखते हुये आसपास के लोगों व दुकानदार ने उसका बचाव किया। आरोप है कि उक्त इकरार खान उसे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर इकरार खान के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 351 (3) व 115 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

# राजघाट डैम से पानी छोड़ा, बांध में फंसे चरवाहा को रेस्क्यू कर निकला गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

ग्राम बसुवा, में राजघाट डैम से पानी छोड़े जाने के कारण एक ग्रामवासी नदी किनारे टापू पर फस गया जिसे उप जिलाधिकारी मनीष कुमार ने रेस्क्यू कर निकाला । ग्राम बासुवा राजघाट निवासी नारायण सिंह पुत्र राजाराम, उम्र लगभग 45 वर्ष, अपने पशुओं के साथ नदी किनारे स्थित टापू में फंस गए।

तहसीलदार भानु प्रताप, कानूनगो , लेखपाल,पुलिस टीम मौके पर तत्काल पहुंच कर स्थिति की निगरानी करते हुए राहत कार्य



का लगातार प्रयास करते रहे तुरंत एस.डी.आर.एफ. (रऊफत्र्र) टीम को मौके पर बुलाया कर टापू पर फंसे हुए व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकालने के प्रयास में जुड़ गए काफी मशक्कत के बाद एचडीआरएफ ने सफलता प्राप्त की । उप जिलाधिकारी मनीष कुमार ने ग्रामवासियों से अनुरोध किया कि वे नदी के आसपास जाने से फिलहाल परहेज करें।और अपने अपने पशुओं को भी नदी के किनारे से दूर रखें जिससे निकट भविष्य में किसी प्रकार की अनहोनी घटना न हो सके

## बानपुर अंतर्गत गांव की घटना

# बुरी नीयत से छेड़छाड़ करने का महिला ने लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

### वह घर में अकेली थी

थाना बानपुर अंतर्गत एक गांव में रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया की बीती रात करीब 10 बजे वह अपने घर में अकेली थी, तभी गांव में रहने वाला राजेश पुत्र चैने कुशवाहा उसके घर में घुस आया और बुरी नीयत से उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। चीखने-चिल्लाने पर उसकी आवाज सुनकर जब उसकी सास व जेठ बचाव करने पहुंचे तो राजेश ने उसके साथ गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये अपने घर की ओर भाग गया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर राजेश के खिलाफ 333, 74, 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के सदस्य ने भ्रमण कर की समीक्षा बैठक

# गोसंरक्षण, जैविक खेती व समाज सुधार की दिशा में प्रयास आवश्यक: सेंगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

उत्तर प्रदेश सेवा आयोग के सदस्य श्री राजेश सिंह सेंगर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गौसंरक्षण एवं अनुश्रवण समिति के अधिकारियों व पदाधिकारियों के साथ गौवंश संरक्षण, संवर्धन की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में गौसंरक्षण एवं संवर्धन, गौशालाओं को स्वावलम्बी बनाने, जैविक खेती के प्रोत्साहन, निराश्रित गौवंश की समस्याएं तथा समाज में व्याप्त नकारात्मक प्रवृतियों पर गहन विमर्श करते किया गया। श्री सेंगर ने कहा कि गौशालाएं केवल गोपालन का केन्द्र न रहकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि आधारित रोजगार का माध्यम बनें, इसके लिए उन्हें



स्वावलम्बी एवं आत्मनिर्भर बनाना अत्यन्त आवश्यक है। उन्होंने सभी अधिकारियों को सुझाव दिया कि गौशालाओं से निकले वाले गोबर, गौमूत्र, गोबर के गमले, पेंट, मूर्ति एवं अन्य उत्पादों का सदुपयोग कर जैविक खाद, कीटनाशक, फिनायल एवं प्राकृतिक कृषि उत्पाद तैयार किये जा सकते हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्र में स्थानीय रोजगार को भी बल मिलेगा। बैठक के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि निराश्रित गौवंश को सड़क पर विचरण न केलव वाहन दुर्घटनाओं का कारण बनता है, बल्कि यह एक बड़ी सामाजिक एवं प्रशासनिक चुनौती भी है, इसके समाधान हेतु गौवंश को आश्रय स्थलों में रखे जाने, चारा, पानी की समुचित व्यवस्था और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ाने की आवश्यकता है। राजेश सिंह सेंगर ने समाज में राष्ट्रवादी मूल्यों के क्षरण और नकारात्मकता की बड़ती प्रवृत्तियों पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि समाज को संवेदनशीलता, सेवाभाव एवं नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना की ओर अग्रसर होना समय की मांग है।

## आरोपी शिक्षक से स्कूल की छात्राओं व अविभावको में भय का माहौल, सख्त सजा की मांग

# निर्दोष जीव के साथ अमानवीय कृत्य करने वाले शिक्षक पर बोले मंत्री टेटवालः यह सहन नहीं होगा



### गोमाता से दुराचार मामले शिक्षक गिरफ्तार, आयुक्त को भेजा निलम्बित करने का प्रस्ताव मामले की उच्च स्तरीय जांच शुरू

सारंगपुर बीते रविवार को शासकीय कन्या शाला के शिक्षक रशीद मोहम्मद को पुलिस द्वारा गौ माता के साथ दुराचार के मामले गिरफ्तार किया गया इस मामले ने पूरे जिले में सनसनी फैला दी थी। आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर उसका जुलूस निकाला तब कही हिंदू संगठनों का आक्रोश शांत हुआ था। अब इस घटना पर शिक्षा विभाग ने भी त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के लिए आयुक्त को प्रस्ताव भेजा है,



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद शहर में सनसनी फैल गई और पुलिस प्रशासन सहित हिंदू संगठन आरोपी को ढूंढने में लग गए उधर देर शाम राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने वीडियो जारी कर सख्त संदेश दिया कि निर्दोष जीव पर किसी भी प्रकार का अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, उसे कड़ी से कड़ी सजा दिलवाई जाएगी सनातन संस्कृति पर प्रहार करने वाला बक्सा नहीं जाएगा,इसी घटना को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने वक्तव्य देते हुए कहा कि ऐसे कुकृत्य करने वाले अपराधी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होना चाहिए,वहीं बजरंग दल एवं हिंदू संगठनों ने अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की प्रशासन से मांग की है फिलहाल आरोपी पुलिस के कब्जे में है मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

### विद्यालय में विरोध और छात्राओं में डर का माहौल

घटना की जानकारी फैलने के बाद शासकीय कन्या शाला की छात्राओं और अभिभावकों में आरोपी शिक्षक से भारी नाराजगी है। सुबह कुछ अभिभावकों ने स्कूल गेट पर एकत्र होकर आरोपी को सख्त सजा देने की मांग की। कुछ छात्राएं डरी-सहमी नजर आईं।

### हिंदू संगठनों ने की फास्ट ट्रैक कोर्ट की मांग

बजरंग दल जिला संयोजक निकेश पुष्पद, हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला सहित अन्य संगठनों ने इस मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई और आरोपी को कड़ी सजा देने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि सरकार इस मामले में ढिलाई बरतती है तो बड़े आंदोलन किए जाएंगे।

### अभिभाषक संघ ने पैरवी नहीं करने का लिया निर्णय

गौवंश के साथ हुए दुराचार के दुराचारी के लिए न्यायालय में सारंगपुर अभिभाषक की और से पैरवी नहीं करने का सामूहिक निर्णय लिया हैं इसकी जानकारी अभिभाषक कार्यालय में पदस्थ संजय शर्मा द्वारा दी गई हैं,

### आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया

सारंगपुर पुलिस ने आरोपी रशीद मोहम्मद को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने आईपीसी की कई गंभीर धाराओं के साथ धार्मिक भावनाएं आहत करने, पशु क्रूरता, और सार्वजनिक अश्लीलता की धाराएं भी जोड़ी हैं।

## जन्म के समय रोया नहीं था

# सीएमएचओ ने खुजनेर पहुंचकर नवजात की मृत्यु मामले में जांच की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

खुजनेर अस्पताल से रेफर किए गए एक नवजात की राजगढ़ जिला चिकित्सालय के एसएनसीयू वार्ड में ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। इस मामले में परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों के संबंध में सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल मंगलवार को जांच करने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर पहुंची। प्रारंभिक जांच कर चुके सीबीएमओ डॉ. एस.के. मित्तल ने बताया कि बच्चा जन्म के समय रोया नहीं था और उसकी हालत ठीक नहीं लग रही थी, इसलिए उसे राजगढ़ जिला अस्पताल के एसएनसीयू में रेफर करने का निर्णय लिया गया। बच्चे को भरे हुए ऑक्सीजन सिलेंडर के साथ जिला अस्पताल रेफर किया गया था। जिस समय बच्चे को रेफर किया था उस समय उसका ऑक्सीजन सिचुएरेशन 98 प्रतिशत था वहीं बच्चे के पिता सुमित नागर पिता मांगीलाल नागर ने लिखित में खुजनेर अस्पताल की स्वास्थ सेवाओं से किसी भी प्रकार की कोई शिकायत नहीं होने की बात कही है। साथ ही स्वास्थ संबंधी किसी भी कमी की कोई बात नहीं कही है।

### एसएनसीयू ने भी दिया अपना स्पष्टीकरण

सीएमएचओ डॉ. पटेल ने जिला अस्पताल स्थित एसएनसीयू प्रभारी डॉ. माथुर को केस शीट की जानकारी के साथ तलब किया। डॉ. माथुर ने बताया कि जैसे ही बच्चा अस्पताल में आया उसकी हार्ट रेट कम आ रहीं थी ऐसे में तत्काल उसे इनट्यूबेट करके वेंटिलेटर पर लिया गया जिससे उसकी हार्ट रेट में थोड़ा सुधार होने लगा था। बच्चे को बचाने के लिए चिकित्सकीय प्रयास किए गए पर वह नहीं बच पाया।

## अंतिम संस्कार के लिए करना पड़ा इंतजार

# ग्राम पंचायत की लापरवाही से मानवता शर्मसार

### मामले के उजागर होते ही जनपद सीईओ ने दिए शांति धाम निर्माण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

जनपद पंचायत सारंगपुर की ग्राम पंचायत बारोल में एक ऐसी घटना सामने आई जिसने न केवल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए, बल्कि मानवता को भी शर्मसार कर दिया। ग्राम बारोल में एक आदिवासी परिवार में मृत्यु होने के पश्चात शांति धाम (शमशान घाट) के अभाव के कारण परिजनों को पूरे दिन अंतिम संस्कार के लिए प्रतीक्षा करनी पड़ी। जानकारी के अनुसार, गांव में बारिश लगातार जारी थी और चूंकि गांव में कोई पक्का श्मशान स्थल नहीं था, इसलिए अंतिम संस्कार के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध नहीं हो सका। जैसे-तैसे बारिश थमी, तब जाकर परिजनों ने कीचड़ व जलभराव के बीच अपने स्वजन की अंतिम विदाई दी।

यह मामला सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद स्थानीय संवाददाता द्वारा जनपद पंचायत सीईओ से संपर्क किया गया। जब इस गंभीर



लापरवाही की जानकारी सीईओ को दी गई, तो उन्होंने तत्काल संबंधित ग्राम पंचायत से स्थिति की जानकारी ली। जांच में पाया गया कि गांव में पूर्व में बना शमशान घाट जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है और वर्तमान में उपयोग योग्य नहीं है। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए जनपद पंचायत सीईओ ने तुरंत ग्राम पंचायत से नया आवेदन मंगवाया और आदेश दिए कि आगामी 15 दिनों के भीतर शांति धाम का निर्माण कार्य शुरू किया जाए। इसके साथ ही जनपद स्तर से समस्त ग्राम पंचायतों को निर्देश जारी किए गए हैं कि जहां कहीं भी शमशान घाट नहीं हैं, वे तत्काल आवेदन प्रस्तुत कर निर्माण कार्य सुनिश्चित करें। सीईओ ने स्पष्ट कहा कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति हुई तो संबंधित ग्राम पंचायतों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जाएगी। यह घटना ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा करती है और यह भी सोचने पर विवश करती है कि मूलभूत सुविधाओं के लिए जारी की जाने वाली सरकारी योजनाओं और फंड का वास्तविक उपयोग हो भी रहा है या नहीं।

## रोजगार मेले का आयोजन आज

**विदिशा।** शासकीय आईटीआई में गुरूवार 31 जुलाई को रोजगार मेले का आयोजन सुबह 11 बजे से किया गया है। आईटीआई के प्रिसिंपल ने बताया कि रोजगार मेले में बडोदरा गुजरात की कंपनी के द्वारा फीटर इलेक्ट्रिशियन, वायरमेन एवं कोपा ट्रेड से आईटीआई किए हुए एवं फायनल ईयर में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं जिनकी आयु 18 से 23 वर्ष है। रोजगार मेले में सम्मिलित होने पर कंपनी नेवन सिस्टम प्रायवेट लिमिटेड के द्वारा चयन किया जाएगा। जिन छात्रों का चयन कंपनी द्वारा किया जाता है उन्हें पॉलिटिक्निक, इंजीनियरिंग की पढाई भी बिना किसी शुल्क के कंपनी द्वारा कराई जाएगी। रोजगार मेले में भाग लेने के लिए क्यूआर कोड एवं गूगल लिंक पंजीयन के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं।

# जिले के समस्त स्कूल, आंगनबाड़ियों में अवकाश किया गया घोषित


### जिले में अनवरत जारी है मूसलाधार बारिश का दौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में बीते पांच दिनों से मूसलाधार बारिश का दौर लगातार जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को भी जिले में यही स्थिति बनी रहेगी। इसी को देखते हुए शिक्षा विभाग ने 30 जुलाई के लिए भी नर्सरी से कक्षा 12वीं तक जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में अवकाश घोषित किया। जारी आदेश के तहत शिक्षकों को निर्धारित समय पर शालाओं में उपस्थित रहना होगा। उधर, महिला बाल विकास विभाग ने भी जिले की समस्त आंगनवाड़ियों में बुधवार के लिए अवकाश की घोषणा की है। यद्यपि, यह अवकाश सिर्फ बच्चों पर लागू होगा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को निर्धारित समय पर स्कूल पहुंचकर रिकार्ड संधारण व अन्य पेंडिंग कार्य निपटाने होंगे।

### मोहनपुरा बांध के 6 गेट खोले गए

उधर, लगातार बारिश के चलते मोहनपुरा बांध का जल



कार्यालय कलेक्टर जिला राजगढ़ म.प्र.
क्रमांक/शिक्षा/सामा-1/2025/3038 राजगढ़ दिनांक 29/07/2025

आदेश

जिला राजगढ़ अन्तर्गत अत्यधिक वर्षा को दृष्टिगत रखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की दृष्टि से जिले की कक्षा नर्सरी से कक्षा 12 तक समस्त शासकीय एवं अशासकीय (CBSE/ICSE) सहित समस्त प्रकार की शैक्षणिक संस्थाओं में विद्यार्थियों के लिए दिनांक 30.07.2025 को अवकाश घोषित किया जाता है। शिक्षक यथावत शाला में उपस्थित रहेंगे।

उक्त आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

कलेक्टर
जिला राजगढ़ म0प्र0

क्रमांक/सामा-1/2025/3039 राजगढ़ दिनांक 29/07/2025

प्रतिलिपि:-
1. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय म0प्र0 भोपाल।
2. आयुक्त, राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत राजगढ़।
4. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण भोपाल संभाग भोपाल।
5. जिला शिक्षा अधिकारी जिला राजगढ़ की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जिला राजगढ़।
7. जिला परियोजना समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान राजगढ़।
8. जिला जनसंपर्क अधिकारी जिला राजगढ़।
9. समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जिला राजगढ़।
10. समस्त विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक जनपद शिक्षा केन्द्र राजगढ़।
11. समस्त संकुल प्राचार्य शा0उ0मावि0 ................जिला राजगढ़ की ओर भेजकर लेख है कि अपने अधीनस्थ आने वाले विद्यालयों में निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।
12. समस्त संस्था प्राचार्य /प्र0अ0 शा0उ0मावि0 शासकीय एवं अशासकीय/CBSE/ ICSE जिला राजगढ़ की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

कलेक्टर
जिला राजगढ़ म0प्र0

स्तर बढने पर बांध प्रबंधन द्वारा मंगलवार शाम डैम के 6 गेट खोल दिए गए। सोमवार को भी 6 गेट खोले गए थे जिनमें से 2 को मंगलवार सुबह बंद कर दिया गया था लेकिन शाम होते-होते पुनः 2 गेट और खोल दिए गए।

# मंदिर पर इस्लामिक गीत बजाने का मामलाः जेल पहरी निलंबित



सारंगपुर। उप-जेल परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में धार्मिक मर्यादाओं के उल्लंघन का मामला सामने आने के बाद जेल प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है। जानकारी के अनुसार, 25 जुलाई को उप जेल सारंगपुर के हनुमान मंदिर में ड्यूटी पर तैनात जेल पहरी सुरेन्द्र सोंधिया द्वारा मंदिर परिसर में इस्लामिक गीत बजाए गए, जिससे सनातन धर्म अनुयायियों की भावनाएं आहत हुईं। मंदिर में प्रतिदिन आरती और भजन-कीर्तन की परंपरा रही है, जहां जेल परिसर के कर्मचारी श्रद्धा से पूजा-अर्चना करते हैं। लेकिन 25 जुलाई को जब मंदिर में असामान्य ध्वनि सुनाई दी, तो वहां उपस्थित एक सनातनी पंडित ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया और इसे बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को सौंपा। बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने वीडियो की पुष्टि कर इसे गंभीरता से लेते हुए अनुविभागीय अधिकारी (ंरव) रोहित बम्होरे को ज्ञापन सौंपा और दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। मामले की जांच उपरांत जेल अधीक्षक द्वारा दोषी जेल पहरी सुरेन्द्र सोंधिया को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। उप जेल सारंगपुर के जेलर विकास जैन ने निलंबन की पुष्टि की है।

## आरोप-सिर्फ 50 फीसदी उपभोक्ताओं को मिला तीन माह इकट्ठा राशन

# राशन वितरण में घोटाले का आरोप, जिपं अध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया ने मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर शासन द्वारा उपभोक्ताओं को 3 माह के इकट्ठे राशन देने के मामले में गड़बड़ी और घोटाले के आरोप लगाए हैं। कलेक्टर के नाम सौंपे गए शिकायती पत्र में सौंधिया ने उल्लेख किया कि शासन ने पात्र उपभोक्ताओं को जून, जुलाई एवं अगस्त इन तीन महीनों का इकट्ठा राशन देने के निर्देश थे।

लेकिन, ब्यावरा क्षेत्र सहित जिले भर की राशन दुकानों में सिर्फ 40 से 50 प्रतिशत उपभोक्ताओं को ही तीन माह का राशन प्रदाय किया गया है। बाकी का राशन सेल्समेनों द्वारा अधिकारियों के साथ मिलीभगत एवं



कालाबाजारी करते हुए बेच दिया गया है। श्री सौंधिया ने आरोप लगाया कि शासकीय स्कूलों एवं आंगनवाड़ियों में दिए जाने वाले मध्यान्ह भोजन में भी इसी प्रकार से सामग्री को भोजन के रूप में वितरित न करते हुए उसे बेचा गया है। जिपं अध्यक्ष ने ब्यावरा सहित पूरे जिले की राशन घोटाले की जांच करवाने की मांग कलेक्टर से की है। इसके साथ ही जांच में दोषी पाए जाने वाले दुकानदारों एवं अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए संबंधित दुकानदारों का पंजीयन निरस्त करने की मांग उन्होंने रखी।

### तीन गांवों के ग्रामीणों ने भी की शिकायत

इसी कड़ी में खुजनेर तहसील के मुरारिया, सिरोजी, खानपुरा गांव के ग्रामीणों ने भी कलेक्टेट पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई कि सेल्समेन द्वारा उन्हें तीन महीनों का इकट्ठा राशन प्रदाय नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व के सेल्समेन द्वारा वर्तमान सेल्समेन दीपक को 50 से अधिक सदस्यों का राशन हैंडओवर किया गया था। राशन का वितरण नहीं किया गया।

## समारोह का आयोजन

# संस्कार एकेडमी में करगिल विजय दिवस पर श्रद्धांजलि दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचोर

करगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में पचोर नगर के आवासीय विद्यालय संस्कार एकेडमी में एक श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रबंधक, प्राचार्य, शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने करगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई, जिसके पश्चात विद्यालय के डायरेक्टर दिनेश गोयल ने करगिल युद्ध की पृष्ठभूमि एवं भारतीय सेना के अद्वितीय साहस पर प्रकाश डाला। समारोह में विद्यालय के अध्यक्ष दीपक गोयल ने हे प्रीत जहां की रीत सदा गीत के द्वारा देशभक्ति का माहौल निर्मित किया तथा डायरेक्टर विवेक शर्मा ने राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत कविता पाठ द्वारा शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा ने अपने उद्बोधन में भारत के गौरवशाली अतीत को याद करते हुए इस पावन भूमि को सपूतों की जननी कहा ।विद्यालय के कोऑर्डिनेटर इरशाद अहमद एवं संगीत शिक्षक सौरभ शर्मा ने “संदेशे आते हैं” गीत द्वारा देश प्रेम की भावना को जागृत किया तथा विद्यालय के बैंड मास्टर रोशन शाह ने ट्रंपेपेट पर साथ दिया । विद्यालय की कक्षा पहली की नन्ही बालिका प्रत्यूष नागर ने ष्ऐ देश मेरेष गीत द्वारा तथा कक्षा दूसरी के विद्यार्थी विहान गोयल ने ष्नन्हा मुन्ना राही हूं ष गीत द्वारा भावनाओं के पुष्प अर्पित किए। विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों में यश शर्मा, अभय शर्मा, रुद्राक्ष पांडे, गिरिराज, आरुष चैहान, अलमलिक, बृजमोहन, लक्षित गुप्ता, मोहित तथा अन्य गायक कलाकारों में संस्कृति विरमाल व खुशी गुप्ता ने “ऐ मेरे वतन के लोगों”, “तेरी मिट्टी में मिल जावा” ष्मेरा रंग दे बसंती चोलाष जैसे गीतों ने माहौल को देशभक्ति की भावना से भर दिया। श्रद्धांजलि के रूप में सभी ने सामूहिक रूप से मोमबत्तियाँ जलाकर शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना जागृत करना तथा शहीदों के बलिदान को याद करना था। उपस्थित जनों के हृदय को गहराई से छू लिया।

# अभा सोंधिया राजपूत समाज संगठन का जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**जीरापुर।** अखिल भारतीय सोंधिया राजपूत समाज संगठन का जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सोंधिया राजपूत धर्मशाला में आयोजित हुआ। जहां पर प्रभु श्रीराम की पुजन कर शुरुआत की गई। यह प्रशिक्षण वर्ग लग-अलग 7 सत्र में संपन्न हुआ। जहां पर उद्धघाटन समाज के राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य, मंत्री नारायण सिंह पवांर सेमलियापार ने किया, जिसमें उन्होंने संगठन के मूल मंत्र के बारे में बताया, तथा बलवंत सिंह बोडाना , प्रेम सिंह सोलंकी , नारायण सिंह चैहान , विक्रम सिंह चैहान , कालुसिंह पवांर , रूगनाथ सिंह, चैन सिंह आर्य ने संगठन के करणीय और अकर्णीय कार्य , बैठको के स्वरूप के बारे में जानकारी दी , जिसमे उन्होंने कार्यकर्ताओं के गुण और व्यक्तित्व विकास , दायित्व बोध एवं प्रवास पर बताया , सामाजिक सुधार में व्यक्ति, परिवार एंव ग्राम की भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन विष्णु सिंह पंवार ने किया। अतिथि मार्गदर्शक मंडल हरिसिंह चैहान, राष्ट्रीय महासचिव प्रताप सिंह सिसोदिया, पूर्व



विधायक द्वय पूरसिंह पवांर, हेमराज कल्पोनी, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदरसिंह सोंधिया,ईश्वर सिंह तोमर ,कमल सिंह पवांर, प्यारेलाल चौहान, कुमेरसिंह पवांर, कृष्णपाल पवांर, चंदर सिंह पवांर, नारायण सिंह सालरीयाखेड़ी, ईश्वर सिंह तोमर , ईश्वर सिंह परमार, रामबाबू चेनपुरिया गंगाराम परमार कुमेरसिंह परिहार, करतार सिंह जुझार सिंह ,सहित पूरे जिले के सभी दायित्ववान कार्यकर्ताओ ने प्रशिक्षण शिविर में अपनी सहभागिता की। अन्त में आभार अर्जुन सिंह पवांर ने प्रकट किया।

# डग बालाजी मंदिर पर सुंदरकांड पाठ व प्रतिभाशाली विद्यार्थी का सम्मान

**जीरापुर।** फलोदी कॉलोनी के मेडतवाल समाज जनों ने नगर के डग रोड़ बालाजी मंदिर पर सामाजिक एवं धार्मिक आयोजन किया। फलोदी कॉलोनी के समाज बंधुओं ने मंदिर परिसर में श्री रामभक्त डग बालाजी समिति के माध्यम से सुंदरकांड पाठ किया।

जहां पर कालोनी के मेडतवाल समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।'इनका किया सम्मान' जिसमें कक्षा पांचवीं आठवीं दसवीं बारहवीं में 80ः से ऊपर के विधार्थियों को सम्मानित किया।जिनमे हिमांशी गुप्ता पिता सतीश गुप्ता शिक्षक, आंखी गुप्ता - मुकेश गुप्ता भानेज, धैर्य बैरिस्टर - अजय बैरिस्टर, कक्षा



आठवीं-अविरल एवं अविचल - अनिल जुलानिया,कक्षा दसवीं में सानवी- मुकेश गुप्ता, पूंर्वांश - आशीष गुप्ताकक्षा 12वीं में पार्थ - महेश जमींदार , इसी के साथ-साथ विभिन्न विधाओं में अव्वल अमीषा सीए क्लीयर, वैदिक- रामबाबू गुप्ता गरडा आईआईटी क्लियर , खुशी - रामगोपाल गुप्ता सिलेक्शन इन विट, शिवानी - रामबाबू गुप्ता नेट एग्जाम क्लियर ,अक्षय - ओम जुलानिया को दुपट्टा पहनाकर उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।समाज के वरिष्ठ पूर्व अध्यक्ष ठाकुर मोहनसिंह जमींदार एवं अध्यक्ष रामेश्वर टांक सहित सुंदरकांड समिति के सदस्यों का स्वागत किया गया।